विश्व टीबी दिवस पर 200 मरीजों को मिला निःशुल्क पोषण राशन

कालवाड़ टाइम्स

बगरू (अवधेश खाण्डल) ।विश्व टीबी दिवस 2026 के अवसर पर Yes! We Can End TB थीम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि-क्षय मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत मुकुल माधव फाउंडेशन (CSR पार्टनर - फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड) द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC), प्रतापनगर, जयपुर (टीबी यूनिट) में टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 200 टीबी मरीजों को पोषण युक्त राशन किट प्रदान की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों के उपचार के साथ उनके पोषण स्तर को सुदृढ़ करना तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहयोग देना है। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश मीणा, डॉ. अवंतिका, डॉ. ज्योति शर्मा, सुश्री रालपति (जीएनएम), विकास (पीएचएम) एवं विनोद सहित टीबी हेल्थ स्टाफ, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।